दीनदयाल कॉलोनी का निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षण

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त प्रकाश सर्वे ने निगम के अधिकारियों के साथ दीनदयाल आवास योजना जुनवानी के रहवासी कॉलोनी का आकस्मिक निरीक्षण किया। कॉलोनी वासी इस दौरान मौजूद थे। कॉलोनी को निगम को हैंडओवर करने के बाद आयुक्त का यह पहला दौरा था। रहवासियों ने बताया कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा निर्मित दीनदयाल आवास योजना अंतर्गत दीनदयाल कॉलोनी में काफी परिवार निवासरत है , उन्होंने अपनी मूलभूत समस्याओं से अवगत कराया। बता दें कि महापौर नीरज पाल मूलभूत सुविधाओं को लेकर बेहद गंभीर है। निगम आयुक्त ने कॉलोनी वासियों से पूरे कॉलोनी का निरीक्षण करते हुए पूर्व से संचालित सफाई एवं पेयजल , नाली निकासी के बारे में जानकारी ली। उच्चस्तरीय पानी टंकी से पाइप लाइन विस्तारीकरण एवं घरों में पानी पहुंचने के बारे में अवगत हुए। मोहल्ले वासियों ने सफाई की ओर आयुक्त महोदय को अपनी ओर ध्यान आकर्षित कराया। तत्काल निगमायुक्त ने स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा को गैंग लगाकर सफाई करवाने के निर्देश मौके पर दिए। टैक्स कलेक्शन के लिए विभागीय कैंप लगाने के निर्देश संपत्तिकर विभाग के कर्मचारी बी. एल. असाटी को दिए गए हैं ताकि अप्रैल एवं मई माह में 6.25% का छूट का फायदा कॉलोनी वासियों को मिल सके और निगम के राजस्व में बढ़ोतरी हो तथा कॉलोनी की मूलभूत समस्याओं का समाधान भी किया जा सके। रहवासियों से चर्चा अनुसार टैक्स के लिए कैंप 5 मई से दीनदयाल कॉलोनी में आयोजित किया जाएगा। निगमायुक्त के निरीक्षण के दौरान छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल के अधिकारी श्री वर्मा , नगर निगम भिलाई से भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख , कार्यपालन अभियंता संजय शर्मा, प्रभारी सहायक अभियंता आलोक पसीने , उप अभियंता श्वेता वर्मा , जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना , स्थानीय पार्षद मुकेश अग्रवाल एवं कॉलोनी वासी सहित अन्य अधिकारी/कर्मचारी मौजूद रहे। उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल ने नगर पालिक निगम भिलाई को 32.45 एकड़ औद्योगिक क्षेत्र भिलाई , विश्व बैंक कॉलोनी कुरूद, कैलाश नगर कुरूद , दीनदयाल आवास योजना जुनवानी , दीनदयाल आवास योजना खमरिया तथा सामान्य आवास योजना कोहका भिलाई को नगर पालिक निगम को हस्तांतरण किया है जिसमें दीनदयाल कॉलोनी जुनवानी के घरों की संख्या 636 है, इन घरों में परिवार निवासरत है , इनकी समस्याओं को समझने के लिए निगमायुक्त कॉलोनी में पहुंचे थे।